आनंदालय

वार्षिक परीक्षा

कक्षा : नौवीं

विद्या सर्वार्थ साधिका

विषय : हिंदी 'ब' (085) अधिकतम अंक : 80

दिनांक: 12-03-2024 निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश:

1) प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं, 'अ' और 'ब' ।
2) खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित कुल 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
3) खंड 'ब' में 7 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, प्रश्नों के आतंरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।
4) दिए गए निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
5) दोनों खंडों में कुल 19 प्रश्न दिए गए हैं |
6) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |
7) वस्तुपरक प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।

## खंड – 'अ' वस्तुपरक –प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (5X1=5)

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान देश के विभिन्न राज्यों में सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देता है। भारत एक अनोखा राष्ट्र है, जिसका निर्माण विविध भाषा, संस्कृति, धर्म के तानों बानों, अहिंसा और न्याय के सिद्धान्तों पर आधारित स्वाधीनता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बाँधकर हुआ है। हम इतिहास की बात करें या वर्तमान की भारतवर्ष में कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन हर समय एवं हर स्थान पर हुआ है। नृत्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला इत्यादि से समृद्ध भारत की पहचान पूरे विश्व में है। भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। इस कला की कहानी लगभग पाँच हजार वर्ष पूर्व सिंधु घाटी की सभ्यता से आरंभ होती है। इसके दो प्रमुख नगरों मोहनजोदाड़ो और हड़प्पा में अच्छी सड़कें, दो मंजिले मकान, स्नान-घर पक्की ईंटों के प्रयोग के सबूत मिले हैं। गुजरात के लोथल नामक स्थान की खुदाई से पता चलता है कि वहाँ नावों से सामान उतारने के लिए 216 x 37 मीटर लम्बी-चौड़ी तथा 15 फीट गहरी गोदी बनी हुई थी। ये लोग मिट्टी, पत्थर, धातु, हड्डी, काँच आदि की मूर्तियाँ एवं खिलौने बनाने में कुशल थे। धातु से बनी एक मूर्ति में एक नारी को कमर पर हाथ रखे नृत्य मुद्रा में दर्शाया गया है। दूसरी मूर्ति पशुपतिनाथ शिव की तथा तीसरी मूर्ति दाढ़ी वाले व्यक्ति की है। ये तीनों मूर्तियाँ कला के सर्वश्रेष्ठ नमूने हैं। मूर्ति का श्रेष्ठ होना मूर्तिकार के कौशल पर निर्भर करता है। मूर्ति की प्रत्येक भावभंगिमा को दर्शाने में मूर्तिकार जी-जान लगा देता है। भारत के प्रत्येक कोने में इस प्रकार की विभिन्न कलाएँ हमारी संस्कृति में प्रतिबिंबित होती हैं। इस अतुलनीय निधि का बचाव और प्रचार-प्रसार ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना है।

(i) भारत को 'अनोखा राष्ट्र कहने से लेखक का तात्पर्य है-

(क) बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन
(ख) मूर्तिकला के सर्वश्रेष्ठ नमूने
(ग) संवेदनशील भारतीय नागरिक
(घ) विभिन्नता में एकता का प्रतीक

(ii) सिंधु घाटी की सभ्यता प्रतीक है-

(क) मूर्तिकार के कौशल का
(ख) एक भारत श्रेष्ठ भारत का
(ग) प्राचीन सुव्यवस्थित सभ्यता का
(घ) स्वाधीनता संग्राम के नायकों का

(iii) गद्यांश हमें संदेश देता है-

(क) कलाकार अपनी कला का श्रेष्ठ प्रदर्शन करता है।
(ख) भारतीय नृत्य और संगीत की कला विश्व प्रसिद्ध है।
(ग) भारतीय सभ्यता व संस्कृति का संरक्षण आवश्यक है।
(घ) स्वाधीनता संग्राम में क्रांतिकारियों का विशेष योगदान है।

(iv) गद्यांश में मूर्तियों का सविस्तार वर्णन दर्शाता है-

(क) सूक्ष्म अवलोकन एवं कला-प्रेम
(ख) प्राचीन मूर्तियों की भावभंगिमा
(ग) स्थूल अवलोकन एवं कला-प्रेम
(घ) सांस्कृतिक एकता एवं सौहार्द

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) भारतवर्ष में कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन हर समय हुआ है।
कारण (R) भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता

2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (5X1=5)

फिज़ूलखर्ची एक बुराई है ,इसके पीछे बारीकी से नज़र डालें तो अहंकार नज़र आएगा । अहं को प्रदर्शन से तृप्ति मिलती है । अहं की पूर्ति के लिए कई बार बुराईयों से रिश्ता भी जोड़ना पड़ता है । अहंकारी लोग बाहर से भले ही गंभीरता का आवरण ओढ़ लें, लेकिन भीतर से वे उथलेपन से भरे रहते हैं । जब कभी समुद्र तट पर जाने का मौक़ा मिले तो देखिएगा लहरें आती हैं, जाती हैं । यदि चट्टानों से टकराती हैं तो पत्थर वहीं रहते हैं, लहरें उन्हें भिगोकर लौट जाती हैं । हमारे भीतर हमारे आवेगों की लहरें हमें ऐसे ही टक्कर देती हैं । इन आवेगों, आवेशों के प्रति अडिग रहने का अभ्यास करना होगा, क्योंकि अहंकार यदि लम्बे समय तक टिकने की तैयारी में आ जाए तो वह नए - नए तरीके ढूँढेगा । स्वंय को महत्त्व मिले अथवा स्वेच्छाचारिता के प्रति आग्रह, ये सब फिर सामान्य जीवनशैली बन जाती है । ईसा मसीह ने कहा है - “मैं उन्हें धन्य कहूँगा, जो अंतिम हैं ।” आज के भौतिक युग में यह टिप्पणी कौन स्वीकारेगा, जब चारों ओर नंबर वन होने की होड़ लगी है । ईसा मसीह ने इसी में आगे जोड़ा है कि “ईश्वर के राज्य में वही प्रथम होंगे, जो अंतिम हैं और जो प्रथम होने की दौड़ में रहेंगे, वे अभागे रहेंगे ।” यहाँ अंतिम होने का संबंध लक्ष्य और सफलता से नहीं है । जीसस ने विनम्रता, निरहंकारिता को शब्द दिया है 'अंतिम' । आपके प्रयास व परिणाम प्रथम हों, अग्रणी रहें, पर आप भीतर से अंतिम हों यानि विनम्र, निरहंकारी रहें । अन्यथा अहं अकारण ही जीवन के आनंद को खा जाता है ।

(i) प्रस्तुत गद्यांश में फिजूलखर्ची को सूक्ष्म दृष्टि से क्या कहा गया है ?

(क) पैसे का बेहतर उपयोग (ख) अहंकार का प्रदर्शन

(ग) बुराइयों की जड़ (घ) सामान्य जीवन शैली

(ii) अहंकारी व्यक्ति की विशेषता नहीं है -

(क) बाहरी गंभीरता (ख) भीतरी उथलापन (ग) तृप्ति (घ) फिज़ूलखर्ची

(iii) लेखक ने मानव मन में उद्वेलित होने वाली भावनाओं की तुलना किससे की है ?

(क) ईसा मसीह से (ख) समुद्र तट की लहरों से

(ग) भौतिक आकांक्षाओं से (घ) चट्टान से

(iv) ईश्वर के राज्य में वही प्रथम होंगे जो-

(क) अहंकारी हैं (ख) सफल और अग्रणी हैं

(ग) विनम्र और निरहंकारी है (घ) स्वेच्छाचारी हैं

(v) प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?

(क) फिज़ूलखर्ची (ख) अहंकार: एक बड़ा अवगुण

(ग) जीसस के विचार (घ) मनुष्य की जीवन शैली

3. निम्नलिखित 'शब्द और पद पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2X1=2)

(i) शब्द के लिए सही उदाहरण है -

(क) घोड़ा (ख) घोड़ा हिनहिना रहा है |

(ग) घोड़ा तेज़ दौड़ता है | (घ) घोड़ा और कुत्ता लड़ रहे हैं |

(ii) '<u>ईश्वर</u> हम सबकी रक्षा करते हैं |' -वाक्य में रेखांकित पद का भेद है -

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) क्रिया (घ) विशेषण

4. निम्नलिखित 'अनुस्वार और अनुनासिक' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2X1=2)

(i) उचित स्थान पर लगे अनुस्वार वाले शब्द को छाँटिए-

(क) हँस (ख) हंस (ग) प्रातः (घ) बॉल

(ii) किस शब्द में अनुनासिक का प्रयोग नहीं होना चाहिए -

(क) मेहँदी (ख) कुँडली (ग) ऊँचाई (घ) कारवाँ

(iii) उच्चारण करते समय जब हवा मुख और नासिक दोनों से निकले तो उसे वर्ण के ऊपर लगाया जाता है -

(क) ँ (ख) ं (ग) ः (घ) ॅ

5. निम्नलिखित 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4X1=4)

(i) 'सहमति' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है ?

(क) स (ख) सह (ग) मति (घ) सहम

(ii) 'अध्यादेश ' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है ?

(क) अ (ख) अध (ग) अधि (घ) अध्य

(iii) वह शब्द चुनकर लिखिए, जो उपसर्ग की भिन्नता के कारण अन्य शब्दों से अलग है -

(क) साकार (ख) सादर (ग) सुगम (घ) सहित

(iv) कौन-सा शब्द 'आलू' प्रत्यय से बना है ?

(क) भालू (ख) बालू (ग) झगड़ालू (घ) बालूशाही

(v) प्रत्यय के योग से बना शब्द है -

(क) प्रकाश (ख) उपमंत्री (ग) खिलौना (घ) उनसठ

6. निम्नलिखित 'संधि' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (3X1=3)

(i) 'स्वच्छ' शब्द की सही संधि है -

(क) स्व + अच्छ (ख) सु + अच्छ (ग) स् + अच्छ (घ) स्वा + अच्छ

(ii) 'कारावास' का सही संधि विच्छेद चुनिए -

(क) कारा + वास (ख) कार + आवास (ग) कारा + आवास (घ) कार + अवास

(iii) निम्न में से कौन वृद्धि संधि का उदाहरण है ?

(क) अत्यंत (ख) वनौषध (ग) गायक (घ) भानूदय

(iv) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| | संधि विच्छेद | | संधि |
|---|---|---|---|
| 1 | ने + अन | 1 | वृद्धि संधि |
| 2 | यथा + उचित | 2 | गुण संधि |
| 3 | वि + आकुल | 3 | यण संधि |
| 4 | महा + ऐश्वर्य | 4 | अयादि संधि |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं -

(क) 2, 3 और 4 (ख) 2 और 3 (ग) 1 और 4 (घ) 1,2 और 4

7. निम्नलिखित 'विराम चिह्न' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (3X1=3)

(i) क्रिया विशेषण के चार भेद हैं :- वाक्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है ?

(क) पूर्ण विराम (ख) निर्देशक चिह्न (ग) विवरण चिह्न (घ) लाघव चिह्न

(ii) निम्न में से कौन-से वाक्य में सही विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है?

(क) सुंदर, फूल खिले हैं। (ख) सुंदर फूल खिले हैं !

(ग) सुंदर फूल खिले हैं | (घ) सुंदर- फूल खिले हैं ?

(iii) कोष्ठक में दिए गए ( ^ ) विराम चिह्न का नाम है -

(क) पूर्ण विराम (ख) अल्पविराम (ग) हंस पद चिह्न (घ) लाघव चिह्न

(iv) <u>माता-पिता</u> को नमस्कार करो | रेखांकित में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है ?

(क) निर्देशक चिह्न (ख) उद्धरण चिह्न (ग) विवरण चिह्न (घ) योजक चिह्न

8.. 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2X1=2)

(i) यदि परिश्रम करोगे तो अवश्य सफलता पाओगे | - वाक्य का प्रकार कौन-सा है?

(क) विधानवाचक (ख) संकेतवाचक (ग) संदेहवाचक (घ) आज्ञावाचक

(ii) 'कला और बूढ़ा चाँद' निराला की रचना नहीं है |- वाक्य का प्रकार कौन-सा है ?

(क) विधानवाचक (ख) प्रश्नवाचक (ग) संदेहवाचक (घ) निषेधवाचक

(iii) निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य आज्ञावाचक है -

(क) शायद तुम घर जाओ । (ख) तुम घर मत जाओ ।

(ग) तुम घर जाओ । (घ) काश ! तुम घर जाओ |

9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए - (5X1=5)

यहाँ रोज़ कुछ बन रहा है
रोज़ कुछ घट रहा है
यहाँ स्मृति का भरोसा नहीं
नए इलाके में 'खुशबू रचते हैं हाथ'
एक ही दिन में पुरानी पड़ जाती है दुनिया
जैसे वसंत का गया पतझड़ को लौटा हूँ
जैसे बैसाख का गया भादों को लौटा हूँ
अब यही है उपाय कि हर दरवाज़ा खटखटाओ
और पूछो - क्या यही है वो घर?
समय बहुत कम है तुम्हारे पास
आ चला पानी ढहा आ रहा अकाश
शायद पुकार ले कोई पहचाना ऊपर से देखकर |

(i) कवि को स्मृति पर भरोसा क्यों नहीं है ?
(क) पुराने रास्तों पर भरोसा नहीं है
(ख) पुरानी यादों की निशानियाँ बदल गईं
(ग) पुराने लोग बदल गए
(घ) उन सबका स्वभाव बदल गया

(ii) दुनिया एक ही दिन में पुरानी क्यों पड़ जाती है ?
(क) जो कल था वह आज नहीं
(ख) बीता समय कभी वापस नहीं आता
(ग) भूतकाल को समझने के कारण
(घ) नित नए परिवर्तनों के कारण

(iii) 'जैसे वसंत का गया पतझड़ को लौटा हूँ' उदाहरण से कवि क्या कहना चाहते हैं ?
(क) ऋतुओं का बदल जाना
(ख) पत्तों का झड़ जाना
(ग) समय परिवर्तनशील है
(घ) सुखों का दुखों में बदलना

(iv) 'शायद पुकार ले कोई पहचाना ऊपर से देखकर' पंक्ति कवि के किस भाव को प्रकट करती है ?
(क) उसे कोई पुकारना चाहता है।
(ख) नकारात्मक दृष्टिकोण ।
(ग) सकारात्मक भाव।
(घ) सभी कथन असंगत हैं |

(v) उपर्युक्त काव्यांश के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?
(क) यहाँ हर दिन कुछ-न-कुछ नया निर्माण होता रहता है।
(ख) निर्माण व विनाश की प्रक्रिया चलती रहती है।
(ग) यहाँ सब कुछ स्थायी है।
(घ) कवि को अपने घर की तलाश है।

10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए | (2X1=2)

(i) रैदास ने 'ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै'...... सभै सरै' | पद में उस समय की किस समस्या को उठाया है ?
(क) विधवा विवाह
(ख) बाल विवाह
(ग) अशिक्षा
(घ) छुआछूत

(ii) 'खुशबू रचते हाथ' कविता के कवि कौन हैं ?
(क) जयशंकर प्रसाद
(ख) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(ग) अरुण कमल
(घ) सियाराम शरण गुप्त

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

रामन् की खोज भौतिकी के क्षेत्र में एक क्रांति के समान थी । इसका पहला परिणाम तो यह हुआ कि प्रकाश की प्रकृति के बारे में आइंस्टाइन के विचारों का प्रायोगिक प्रमाण मिल गया। आइंस्टाइन के पूर्ववर्ती वैज्ञानिक प्रकाश को तरंग के रूप में मानते थे, मगर आइंस्टाइन ने बताया कि प्रकाश अति सूक्ष्म कणों की तीव्र धारा के समान है। इन अति सूक्ष्म कणों की तुलना आइंस्टाइन ने बुलेट से की और इन्हें 'फोटॉन' नाम दिया। रामन् के प्रयोगों ने आइंस्टाइन की धारणा का प्रत्यक्ष प्रमाण दे दिया, क्योंकि एकवर्णीय प्रकाश के वर्ण में परिवर्तन यह साफतौर पर प्रमाणित करता है कि प्रकाश की किरण तीव्रगामी सूक्ष्म कणों के प्रवाह के रूप में व्यवहार करती है।

(i) रामन् की खोज किस क्षेत्र में थी ?

(क) साहित्य के क्षेत्र में (ख) भौतिकी के क्षेत्र में
(ग) शांति के क्षेत्र में (घ) अर्थशास्त्र के क्षेत्र में

(ii) प्रकाश की प्रकृति के बारे में किनके विचारों का प्रायोगिक प्रमाण मिल गया ?

(क) न्यूटन के (ख) सी.वी. रामन् के (ग) आइंस्टाइन के (घ) ये सभी

(iii) प्रकाश की किरणों के बारे में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए ।

(i) प्रकाश की किरण तरंग के रूप में है।
(ii) प्रकाश निर्वात में गमन नहीं कर सकता है।
(iii) प्रकाश की किरण तीव्रगामी सूक्ष्म कणों के प्रवाह के रूप में व्यवहार करती है।
(iv) प्रकाश एवं ध्वनि की प्रकृति एक जैसा है।

(क) (i) और (ii) (ख) (i), (iii) और (iv) (ग) केवल (iii) (घ) (ii), (iii) और (iv)

(iv) 'फोटॉन' नाम किसने दिया ?

(क) सी.वी. रामन् ने (ख) न्यूटन ने (ग) आइंस्टाइन ने (घ) जे.सी. बोस ने

(v) कथन (A): आइंस्टाइन के परवर्ती वैज्ञानिक प्रकाश को तरंग के रूप में मानते थे।
कारण (R): आइंस्टाइन ने परवर्ती वैज्ञानिकों का समर्थन किया।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं। तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए । (2X1=2)

(i) 'अतिथि' का विवरण देकर लेखक ने हमें क्या प्रेरणा दी है ?

(क) हमें अतिथि की मर्यादा बनाए रखने की प्रेरणा दी है।
(ख) हमें अतिथि की मर्यादा भंग करने की प्रेरणा दी है।
(ग) हमें अतिथि का सम्मान करने की प्रेरणा दी है।
(घ) हमें अतिथि का अपमान करने की प्रेरणा दी है।

(ii) नेपालियों में 'एवरेस्ट' किस नाम से प्रसिद्ध है ?

(क) सागरमाथा (ख) शेर्पालैंड (ग) हिमालय (घ) एवरेस्ट

## खंड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (2x3=6)

(i) ''हमारी देशभक्ति धूल को माथे से न लगाए तो कम-से-कम उस पर पैर तो रखे।'' कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ii) कीचड़ के प्रति कवियों की धारणा से आप कहाँ तक सहमत हैं ?

(iii) महादेव भाई के चरित्र से आप कौन-कौन से मूल्य अपनाना चाहेंगे ?

14 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (2x3=6)

(i) 'अवध नरेश' कहकर किसकी ओर संकेत किया गया है ? उन्हें चित्रकूट में शरण क्यों लेनी पड़ी ?

(ii) 'गीत-अगीत' कविता में अगीत का चित्रण कवि द्वारा किस तरह किया गया है, स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'अग्नि पथ' का प्रतीकार्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि इस पथ पर चलने वाले को कवि 'एक पत्र छाँह' भी माँगने से मना क्यों करते हैं ?

15 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (2x3=6)

(i) लेखिका को जीव-जंतुओं की संवेदनाओं की सूक्ष्म समझ थी। इसे स्पष्ट करते हुए बताइए कि आपको इनसे किन-किन मूल्यों को अपनाने की सीख मिलती है ?

(ii) 'मनुष्य का अनुमान और भावी योजनाएँ कभी-कभी कितनी मिथ्या और उलटी निकलती हैं' – का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'कल्लू कुम्हार की उनाकोटी' पाठ के आधार पर गंगावतरण की कथा का उल्लेख कीजिए और बताइए कि ऐसे स्थलों की यात्रा करते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

16 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए – (1x6=6)

(क) समाचार पत्रों की उपयोगिता

- सूचना प्राप्ति का महत्वपूर्ण साधन
- व्यापार और विज्ञापन का साधन
- ज्ञानवर्धक, मनोरंजन से भरपूर
- निष्कर्ष

(ख) युवा पीढ़ी के कर्तव्य

- कर्तव्य का अभिप्राय
- युवक देश के भविष्य
- कर्तव्यों से अधिकारों की प्राप्ति
- उपसंहार

(ग) मधुर वचन

- मीठी बोली के सकारात्मक प्रभाव
- कटु वाणी के नकारात्मक प्रभाव
- मीठी बोली में समाई अपनत्व की भावना
- निष्कर्ष

17 (क) आपके विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा पर 'गुल गुलशन गुलफ़ाम' कला समेकित परियोजना का आयोजन किया गया था । इसमें अपनी भूमिका का उल्लेख करते हुए अपने दादा जी को लगभग ४0-100 शब्दों में पत्र लिखिए। (1x6=6)

**अथवा**

(ख) आपके पिता जी का तबादला जम्मू-कश्मीर में हो गया है। इस जगह के प्राकृतिक सौंदर्य का उल्लेख करते हुए अपने मित्र को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

18. (क) शहरों में बढ़ते प्रदूषण के संबंध में दो मित्रों राज और आनंद के मध्य लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए। (1x5=5)

**अथवा**

(ख) बूढ़ा किसान अपने खेतों के पास की खाली ज़मीन में पौधे लगा रहा था। उसके और बालक अक्षय के बीच हुई बातचीत को लगभग 100 शब्दों में संवाद शैली में लिखिए ।

19 दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर मन में उभरने वाले विचारों को लगभग 100 शब्दों में लिखिए। (1x5=5)

